भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1461
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024

बीएसएनएल के ग्राहक

1461. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:
क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बीएसएनएल मोबाइल के ग्राहकों की संख्या में कमी के क्या कारण हैं;
(ख) विभाग द्वारा इन ग्राहकों की संख्या को बढ़ाने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में बीएसएनएल मोबाइल के कुल कितने ग्राहक हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) एवं (ख) आत्मनिर्भर पहल की तर्ज पर बीएसएनएल ने स्वदेशी 4जी प्रोद्योगिकी की स्थापना के लिए 1 लाख 4जी साइट के लिए क्रय आदेश दिया है। 4जी उपकरणों की आपूर्ति सितंबर 2023 से आरंभ हो गई है। इससे पूरे देश में बीएसएनएल के 4जी फुटप्रिन्ट में वृद्धि करने में मदद मिलेगी जिसके कारण बीएसएनएल के कस्टमर बेस में वृद्धि होगी।

सरकार ने बीएसएनएल और एमटीएनएल के पुनरूद्धार के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। इनमें वर्ष 2019 में लगभग 69 हजार करोड़ रूपए का पुनरूद्धार पैकेज शामिल हैं। इससे बीएसएनएल और एमटीएनएल की प्रचालन लागतों में कमी आई। वर्ष 2022 में लगभग 1.64 लाख करोड़ रूपए का पुनरूद्धार पैकेज नया सिरे से पूंजी निवेश करने, ऋण का पुनर्गठन करने, व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण को पूरा करने जैसे उपायों के लिए प्रदान किया गया। इसके अलावा सरकार ने वर्ष 2023 में इक्विटी निवेश के जरिए लगभग 89 हजार करोड़ रूपए के कुल परिव्यय से बीएसएनएल को 4जी/5जी स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए अनुमोदन दिया।

(ग) महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में बीएसएनएल मोबाइल के 20,283 ग्राहक हैं।

*****